हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

10 राइजिंग स्टार ने जीता जेपीएल खिताब...




10 महासमुंद की मृणाल को मुख्यमंत्री ने प्रदान...



## खबर संक्षेप

### अंडर-14 सीजी टीम में चयनित हुए आदि



**महासमुंद।** जिला क्रिकेट संघ के अंडर-14 वर्ग के विकेटकीपर-बल्लेबाज आदि पटेल का चयन छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ की टीम में राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी के लिए हुआ है। आदि ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। आदि पटेल के चयन से पूरा जिला और जिलेभर के खिलाड़ी गौरवान्वित हैं।

### मड़ई कार्यक्रम के दौरान मारपीट

**महासमुंद।** मड़ई कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को अछोली के प्रेमचंद उर्फ हेमलाल ने बताया कि 14 जनवरी को गांव में मड़ई मेला का कार्यक्रम था। जिसके लिए रात्रि 12 बजे का समय निर्धारित था। जब कार्यक्रम तय समय में चालू नहीं हुआ तब रात्रि करीबन 12.30 बजे प्रार्थी ने आयोजकों को कहा कि कार्यक्रम में लेट क्यों कर रहे हो, तभी गांव के संतराम उर्फ भेखराम साहू, राहुल साहू, झम्मन साहू ने एक राय होकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का तथा धारदार हथियार से मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### ओडिशा निर्मित शराब बेच रहा आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** ओडिशा निर्मित शराब बेचने के आरोप में बसना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 15 जनवरी को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति जटाकन्हार जाने के रोड महुआ पेड़ के नीचे अवैध रूप से ओडिशा निर्मित चिड़ी छाप महुआ शराब बिक्री के लिए रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ग्राम जटाकन्हार पहुंची जहां एक संदेही ने पूछताछ में अपना नाम अजय नंद पिता सकीर्तन नंद (35) जटाकन्हार होना बताया। पुलिस ने संदेही के कब्जे 80 पाउच ओडिशा निर्मित चिड़ी छाप महुआ शराब कीमत 2400 रुपए को बरामद किया।

### रेत फैलाने से मना करने पर पिता-पुत्र से मारपीट

**महासमुंद।** मंदिर की मरम्मत के लिए मंगाए गए रेत को फैलाने से मना करने पर एक व्यक्ति ने पिता-पुत्र के साथ मारपीट कर दी। पिथौरा पुलिस को महेश राम ग्राम ग्राम डुमरपाली ने बताया कि घर के सामने के मंदिर की मरम्मत के लिए मंगाया गया रेत रखा हुआ था। 14 जनवरी को करीबन 01 बजे गांव का प्रेमशंकर बरिहा आया और रेत को फैलाने लगा, जिस पर प्रार्थी के पिता अतिबल ने मना किया, जिस पर आरोपी गाली गौज करने लगा। यह सुनकर जब प्रार्थी घर से बाहर निकला तो प्रेमशंकर बरिहा ने मारपीट किया।

# बैंक गया युवक वापस नहीं लौटा, संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान की उपज का पैसा निकालने बैंक गए युवक की लाश मिली है। मामला जिले के बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत भंवरपुर चौकी के ग्राम जमदरहा का है, जहां के 25 वर्षीय युवक की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में मिली है। बता दें कि मृतक बीते 12 जनवरी से लापता था, जिसकी पहचान सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद उसके परिजनों ने की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम लिमदरहा निवासी गौतम साहू (25 वर्ष), पिता सूजन साहू, सोमवार 12 जनवरी को अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल से धान की उपज का पैसा निकालने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा चनाट गया था। परिजनों ने बताया कि गौतम के बैंक खाते में लगभग 73 हजार रुपये जमा थे। बैंक जाने के बाद दोपहर से ही उसका कुछ पता नहीं चल रहा था। जब शाम तक गौतम घर नहीं लौटा, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। उन्होंने आसपास के गांवों और अपने रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला।

**जिले के बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत भंवरपुर चौकी के ग्राम जमदरहा का है मामला**

### पानी टंकी के पास मिला शव

घटना का खुलासा तब हुआ जब ग्राम जमदरहा के कोटवार ने पुलिस को सूचना दी कि गांव की पानी टंकी के अहाते (बाउंड्री) के अंदर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही भंवरपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआत में शव की पहचान नहीं हो पा रही थी, जिसके बाद घटनास्थल की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किए गए। सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलते ही मृतक के पिता सूजन साहू और अन्य रिश्तेदार तत्काल जमदरहा पहुंचे और मृतक की पहचान गौतम साहू के रूप में की।



### पुलिस जांच में जुटी

भंवरपुर चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटा रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि लापता होने के दौरान युवक किन लोगों के संपर्क में था।

**योजना: 82 हजार किसानों को दिया गया था 414 करोड़ रुपए ऋण**

# 48 हजार से अधिक किसानों से 289.57 करोड़ रुपए से अधिक की ऋण वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानों से अल्पकालीन कृषि ऋण वसूली अभियान में अब तक जिले के 48 हजार से अधिक किसानों से करीब 289.57 करोड़ रुपये से ज्यादा ऋण की वसूली की जा चुकी है, जो पिछले वर्षों की तुलना में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

ऋण वसूली में आई इस तेजी का सबसे बड़ा कारण लिंकिंग व्यवस्था है। इस प्रणाली के तहत सहकारी बैंक से किसानों को दिए गए अल्पकालीन कृषि ऋण को धान उपार्जन भुगतान से सीधे जोड़ दिया गया है। जब किसान अपनी उपज धान खरीदी केंद्रों में बेचते हैं, तो उसका भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में जमा होता है।



इसी भुगतान में से सबसे पहले बकाया ऋण की राशि स्वतः कट जाती है, और शेष राशि किसानों को मिल जाती है। इस स्वचालित व्यवस्था ने जहां वसूली प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया है, वहीं किसानों को भी राहत दी है। उपज बेचते ही ऋण स्वतः चुकता हो जाने से किसान डिफाल्टर बनने से बच रहे हैं और मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिल रही है। समय पर ऋण चुकाने वाले किसान तत्काल नए ऋण के लिए पात्र हो जाते हैं, जिससे उन्हें आगामी फसल के लिए बीज, खाद और कृषि सामग्री की व्यवस्था करने में कोई कठिनाई नहीं होती।

वहीं, बेहतर वसूली दर से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो रही है। जानकारी के अनुसार जिले के 82 हजार किसानों को खाद, बीज और रासायनिक उर्वरकों के लिए 414 करोड़ का ऋण दिया गया था, जिसमें से अब तक 48 हजार 636 किसानों ने लगभग 289.57 करोड़ रुपए की राशि चुका दी है।

### बैंक और एटीएम में उमड़ रही भीड़

धान बिक्री के बाद अब किसान भुगतान की राशि निकालने के लिए जिला सहकारी बैंक और एटीएम केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। जिन किसानों को एटीएम का उपयोग नहीं आता, वे बैंक शाखाओं में लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं। एक ही काउंटर से लेन-देन होने के कारण सुबह से शाम तक बैंक परिसर में भारी भीड़ बनी रहती है। कई किसानों को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

### 63 प्रतिशत ऋण वसूली पूरी

जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि अब तक 63 प्रतिशत किसानों से ऋण वसूली पूरी हो चुकी है। बाकी के किसानों से 31 जनवरी तक धान खरीदी लिंकिंग के माध्यम से ऋण वसूली पूरी कर ली जाएगी। बाद जिन किसानों से राशि नहीं मिल पाएगी, ऐसे किसानों को नोटिस दिया जाएगा।

### 4.96 करोड़ का ऋण वितरण

रबी सीजन के लिए ऋण वितरण अक्टूबर माह से शुरू हुआ है। अब तक 1045 किसानों को 4.96 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया जा चुका है। इस वर्ष रबी ऋण वितरण का कुल लक्ष्य 55 करोड़ रुपये रखा गया है। 15 मार्च तक ऋण वितरण पूरा किया जाएगा, बाद रबी ऋण वसूली की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

# कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पकड़ी गड़बड़ियां, दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सहकारी समिति घोंच, बढ़ईपाली में कलेक्टर का औचक निरीक्षण

पुराने रबी फसल के धान को खपाने, गुणवत्ताविहीन धान की खरीदी तथा तौलाई में गड़बड़ी किए जाने के तथ्य सामने आने पर कलेक्टर विनय लंगेह ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्राथमिक कृषि एवं साख सहकारी समिति घोंच एवं बढ़ईपाली विकासखंड पिथौरा का औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति में गंभीर अनियमितताएं पाई।



कलेक्टर लंगेह ने उक्त अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए समिति प्रबंधक को तत्काल निलंबित करने तथा संबंधित प्रकरण में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही, भ्रष्टाचार अथवा अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पिथौरा बजरंग वर्मा, खाद्य अधिकारी अजय यादव एवं जिला विपणन अधिकारी आशुतोष कोसरिया उपस्थित रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को धान खरीदी केंद्रों में सतत निगरानी रखने तथा शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने दोनों केन्द्रों में समिति प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीदी की अवधि समाप्त होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में छोटे एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी सुनिश्चित की जाए। जिन किसानों का टोकन कट गया है, लेकिन अभी तक धान का विक्रय नहीं किया गया है, ऐसे खातों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। अंतिम दिनों में अवैध धान विक्रय पर कड़ी निगरानी रखते हुए सतर्कता बरतें। किसी भी आशंका की स्थिति में नोडल अधिकारी को अवगत कराएं एवं सत्यापन के पश्चात ही धान का विक्रय करें। जिन किसानों का धान बिक गया है और रकबा बाकी हैं, उन्हें रकबा समर्पण के लिए प्रोत्साहित करें।

# अवैध धान परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई, दो मामलों में 420 कट्टा धान जब्त, मंडी सचिव भी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध धान के परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में राजस्व और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने पिछले 24 घंटों के भीतर दो बड़ी कार्रवाइयां करते हुए भारी मात्रा में धान और वाहन जब्त किए हैं। साथ ही, कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर बागबाहरा मंडी सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिले में धान की अवैध आवक रोकने के लिए बनाई गई विशेष टीम लगातार निगरानी कर रही है। सरायपाली विकासखंड के ग्राम कोलीहादेवरी में डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा के नेतृत्व में राजस्व टीम ने दबिश दी। यहां ओडिशा से कोचियों (बिचौलियों) के माध्यम से अवैध रूप से लाकर डंप किया गया 420 कट्टा धान बरामद किया गया। टीम ने मौके पर ही धान को जब्त कर लिया। इसके तुरंत बाद



डिप्टी कलेक्टर ने ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित सिरपुर जांच नाका का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं, दूसरी कार्रवाई बागबाहरा ब्लॉक के टुहलू चौकी क्षेत्र में हुई। यहां देर रात ओडिशा सीमा के पास अवैध रूप से धान परिवहन करते हुए एक मिनी ट्रक को पकड़ा गया। प्रशासन ने ट्रक और उसमें लदे धान को जब्त कर कोमाखान थाना क्षेत्र की मंडी को सुपुर्द कर दिया है।

### लापरवाही पर गाज, बागबाहरा मंडी सचिव निलंबित

अवैध धान के मामलों में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों पर भी शासन सख्त रुख अपना रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड ने बागबाहरा मंडी सचिव कुशल राम ध्रुव को गंभीर लापरवाही और कर्तव्य के प्रति उदासीनता के आरोप में निलंबित कर दिया है। बीते 28 दिसंबर 2025 को ग्राम टेमरी में ओडिशा से लाए गए अवैध धान को ट्रक से तीन ट्रैक्टरों में खाली किया जा रहा था। राजस्व अधिकारियों के निर्देश के बावजूद, मंडी सचिव ने इस मामले में न तो पंचनामा बनाया और न ही धान की जब्ती की वैधानिक प्रक्रिया पूरी की। उनके स्थान पर मंडी निरीक्षक दिनेश कुमार साहू को बागबाहरा मंडी सचिव का प्रभार सौंपा गया है।

# टूटी पाइपों को बदलने के स्थान पर सड़क निर्माण में हो रही लीपापोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय से तुमगांव तक की सड़क में लीपापोती किए जाने के प्रमाण इन तस्वीरों में आसानी से नजर आ रही है। डिप्टी सीएम साव तक पहुंची शिकायत के बाद इस डीएमआर सड़क में गुणवत्ता की पोल खुलने के साथ टूटे-फूटे जल निकासी पाइपों को छिपाने के लिए उन पर सीमेंट का प्लास्टर लगाया जा रहा है। लोगों ने ठेकेदार के कारिंदों को मौके से यह करते रंगे हाथ पकड़ा है।



उल्लेखनीय है कि जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मानिक साहू ने उक्त सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कलेक्टर, पीडब्ल्यू डी मंत्री एवं डिप्टी सीएम अरूण साव तक से शिकायत दर्ज कराई है। आम जनता की गाढ़ी कमाई से डीएमएफ मद में बन रही इस महत्वपूर्ण सड़क की शुरुआत से ही घटिया निर्माण और अनियमितताओं की शिकायतें सामने आती रही हैं।

महासमुंद से तुमगांव तक बनने वाली इस सड़क का ठेका जेडी कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। आरोप है कि निर्माण के शुरुआती चरण में ही ग्राम कौंदकेरा के तालाब क्षेत्र से रॉयल्टी की चोरी करते हुए अनुमति से कहीं अधिक मात्रा में मुरूम का उत्खनन किया गया। इसके अलावा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग, मानकों की अनदेखी और तकनीकी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद राजनीतिक दबाव और विभागीय ईई के साथ कथित साठगांठ के चलते अब तक ठेकेदार पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नतीजा यह है कि अब दोष छुपाने के लिए टूटे पाइपों पर सीमेंट घोल लगाकर उन्हें बदले जाने की बजाय लीपा जा रहा रहा है।

**समारोह में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत**

# ईश्वरी निषाद ने 200-400 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 12 एवं 13 जनवरी 2026 तक सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक फॉरेस्ट ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिला पैरा स्पोर्ट्स संघ महासमुंद, छत्तीसगढ़ पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन रायपुर द्वारा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद के सहयोग एवं मार्गदर्शन में आयोजित समारोह में उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, जिलाध्यक्ष येतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, आनंद साहू, पवन पटेल, संदीप घोष, राहुल चंद्राकर, विपिन बिहारी महंती, अपूर्व पांडे, सविता महंती, अनिता निर्मलकर, रवि जैन, आकाश पांडे, शरद राव, अनीश बग्गा, राजू चंद्राकर, धर्मेंद्र महोबिया



आदि की उपस्थिति में मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, जिला अध्यक्ष येतराम साहू, आनंद साहू, विपिन बिहारी महंती, डिकेश टंडन, सविता महंती, अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी ईश्वरी निषाद, नरेश चंद्राकर, अपूर्व पांडे, लक्ष्मी चंद्राकर, अंकित लूनिया, गुरु बच्चन सिंह आदि उपस्थित रहे। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन श्रृंखला नेपाल में स्वर्ण पदक जीतने वाली बेमचा की लक्ष्मी चंद्राकर पिता नरेश चंद्राकर को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी प्रदाय कर सम्मानित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण प्रदाय कर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में सहयोगी निर्णायक एवं शिक्षक स्टाफ डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, हिरेंद्र साहू, नीलम सिंहा, इंद्राणी भास्कर, गणेश राम कोसरे, कामता प्रसाद साहू, विजू पटनायक, रश्मि साहू, वर्षा चक्रधारी, पुष्प लता, लक्ष्मी प्रिया साहू का सहयोग रहा।

### पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के परिणाम

सब-जूनियर बालक वर्ग में के टी 12 कैटेगरी में 100 मीटर दौड़ में केशव ने प्रथम स्थान, रोशन दास ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सब-जूनियर बालक टी 46 कैटेगरी के गोला फेंक में कुशल निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब-जूनियर लंबीकूद बालिका टी 11 कैटेगरी में कुसुम प्रधान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब-जूनियर गोला फेंक टी 12 कैटेगरी में रोशन दास ने प्रथम एवं टी 11 कैटेगरी में भागीरथी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर टी 12 कैटेगरी में ज्योति निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में सोनम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक 400 मीटर दौड़ टी 12 कैटेगरी में नोसन पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब-जूनियर बालक टी 11 कैटेगरी के 100 मीटर दौड़ एवं 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान यखिल दीवान एवं सूरज भोई ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टी 11 कैटेगरी के 200 मीटर दौड़ में तुषार गिरी ने प्रथम स्थान एवं ईशांत भोई ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टी 12 कैटेगरी के लंबी कूद, गोला फेंक एवं तवा फेंक में लिलेश सिंहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टी 13 कैटेगरी के 200 मीटर दौड़ में ओम प्रकाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब-जूनियर बालिका टी 11 कैटेगरी के 100 मीटर दौड़ में दिव्या मांझी ने प्रथम एवं खुशबू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका टी 12 कैटेगरी के 100 मीटर दौड़ में ज्योति निषाद ने प्रथम एवं ममता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर महिला वर्ग में टी 11 कैटेगरी 200 मीटर दौड़ में ईश्वरी निषाद ने प्रथम स्थान एवं कमलेश्वरी निषाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग टी 11 कैटेगरी में लक्की यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर पुरुष टी 34 के भाला फेंक प्रतियोगिता में छगन सोनवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



**खबर संक्षेप**



## बड़गांव में गुहा जयंती एवं मड़ई मेला आज

**बिरकोनी।** ग्राम बड़गांव में 16 जनवरी शुक्रवार को भक्त गुहा जयंती एवं मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। प्रातः 10 बजे पूजा अर्चना व रामायण पाठ के साथ भक्त गुहा कथा से शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच नंदनी जवाहर ध्रुव, उपसरपंच टिकेश्वरी चक्रधारी, ऋषि चक्रधारी, ललित निषाद, जयलाल निषाद, राकेश पटेल, पीतांबर निषाद, मनोहर निषाद, राजेंद्र निषाद, अजय निषाद, बोधि ध्रुव, पन्ना लाल पटेल, गोविंद निषाद, श्याम लाल यादव, मिथलेश निषाद, चूड़ामणि निषाद, भुरू निषाद, आत्माराम निषाद, संजय निषाद, ईश्वर यादव, लोकनाथ चक्रधारी, चूड़ामणि निषाद एवं पंचगण उपस्थित होकर बाजार चौक में शाम 3 बजे मड़ाई मेला का शुभारंभ करेंगे। शाम 6 बजे मंचन अतिथि स्वागत सम्मान व उद्बोधन किया जाएगा। रात्रि 10 बजे लोक प्रयाग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम राजिम वाले अपनी प्रस्तुति देंगे। उक्त जानकारी राकेश पटेल ने दी।

**निधन**

### ईतवारी साहू



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के खल्लारी पारा निवासी ईतवारी साहू (82) का देहांत हो गया। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे कुंवरबाई साहू के पति व मनहरण साहू के पिता, खोमेश साहू, राजेश साहू, नेहा साहू के दादा थे।

**शिव महापुराण कथा : बड़े से बड़े व्यक्ति के भी बहकावे में आकर धर्म से विमुख नहीं होना चाहिए**

# कृतघ्नता ऐसा पाप जिसका प्रायश्चित नहीं हो सकता : पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में शिव मंदिर के पास चल रहे शिव महापुराण कथा का बखान करते हुए आचार्य पं. पंकज तिवारी ने त्रिपुरासुर उद्धार कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि जिस पाप कर्म का शास्त्रों में प्रायश्चित विधान बताया गया है, उस पाप कर्म के लिए किसी को दंडित नहीं किया जा सकता। कृतघ्नता एक ऐसा पाप कर्म है, जिससे विमुख होने पर व्यक्ति को मृत्युदंड दिया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक प्राणी को कृतघ्न भाव से अपना कर्म करना चाहिए। धर्म से विमुख होना, परिजनों के कर्तव्यों से विमुख होना, जो दायित्व सौंपा गया है उससे विमुख होना ये सभी कृतघ्नता की श्रेणी में आते हैं। इसी तरह अपने कुल, परिवार की मर्यादा के विमुख कभी भी नहीं जाना चाहिए। बड़े से बड़े व्यक्ति भी यदि तुम्हें अपने कर्तव्य पथ, धर्म पथ से भटकाए तो भी उनकी बातों को नहीं मानना चाहिए और अपने कर्मपथ सनातन पथ पर सदैव आगे बढ़ते रहना चाहिए। ऐसा नहीं करने के कारण ही तारकासुर के तीनों पुत्र तारकाक्ष, विद्युनमाली, कमलाक्ष को दुर्लभ वरदान मिलने के बाद भी भगवान शिव के हाथों मरना पड़ा।

शास्त्रों में बताया गया है कि ब्रह्महत्या के लिए पृथ्वी का सात बार भ्रमण करना चाहिए। इसी तरह गौ हत्या के लिए भी शास्त्रों में 21 घर मांगने का प्रायश्चित बताया गया है। तारकासुर के तीनों पुत्र भगवान ब्रह्मा की घोर तपस्या करने लगे इस पर भगवान ब्रह्मा ने प्रसन्न होकर वरदान मांगने कहा तो तीनों ने अमरता का वरदान मांगा और कहा कि रोग, दुख, कष्ट से भी मुक्त रहें। इस पर भगवान ब्रह्मा ने कहा कि अमरता का वरदान नहीं दिया जा सकता। इसके बदले कुछ और मांग लो, तो तीनों ने दुर्लभ वरदान मांगते हुए कहा कि हम तीनों के लिए अलग-अलग लोक का निर्माण करें। जहां हम सुखपूर्वक, धर्म आचरण करते हुए रहे और धर्म से विमुख होने पर ही हमें ऐसे देव के हाथों मृत्यु मिले। जिनमें सभी देवताओं का वास हो। साथ ही दिव्यवाहन तथा दिव्य आयुध के द्वारा ही हमें मृत्यु की प्राप्ति हो। साथ ही उन्होंने यह वरदान की मांगा कि जब दोपहर में पुष्य नक्षत्र में चंद्रमा आए तभी तीनों लोक का मिलन हो। जिससे पूरा परिवार एक साथ मिल भी सके। ऐसा दुर्लभ वरदान मांगने के बाद ब्रह्मा ने तीनों भाइयों के लिए अलग-अलग पुर का निर्माण किया। जिसमें वे सुखपूर्वक रहने लगे. बलशाली होने के कारण इंद्र आदि लोकों पर उन्होंने विजय हासिल कर लिया। इससे व्यथित होकर सभी देवता ब्रह्मा विष्णु समेत भगवान शिव के पास गए और प्रार्थना करने लगे कि तारकासुर के तीनों पुत्रों का नाश करें।





इस पर भगवान शिव ने पूछा कि आखिर उन्हें क्यों मारा जाए। देवताओं ने बताया कि बलशाली होने के कारण स्वर्ग पर अधिकार जमा लिया है। इस पर भगवान शिव ने कहा कि सिर्फ इसी कारण से तीनों को नहीं मारा जा सकता। क्योंकि, तीनों भाई सनातन धर्म का पालन कर रहे हैं। साथ ही भगवान शिव ने बताया कि जिस पाप कर्म का शास्त्रों में प्रायश्चित बताया गया है, ऐसे पाप कर्म के लिए किसी को मृत्युदंड नहीं दिया जाना चाहिए। केवल कृतघ्नता ही एक ऐसा पाप है जिसके लिए दंड दिया जा सकता है। इस पर भगवान विष्णु ने मायापुरुष उत्पन्न किया और कहा कि विद्युनमाली के यहां जाकर 16 हजार श्लोक से ग्रंथ बनाओ जिसमें केवल माया का ही वर्णन हो और वह लोगों को धर्म मार्ग से भटकाए। मायापुरुष ने विद्युन माली के लोक में जाकर बहुत प्रयास किया। किंतु, वहां के निवासी सत्कर्म में लग रहे और उनके भटकाव में नहीं है। तब भगवान विष्णु ने नारद को वहां भेजा और कहा कि मायापुरुष की सहायता करें।

नारद विद्युनमाली के पास गए और बताया कि मैं आपके नगर में आया था, सोचा आप से भेंट कर लूं। आपके नगर में एक विद्वान है जिससे मैं दीक्षा लेने आया था। विद्युन माली सोचने लगे सभी वेद पुराणों के ज्ञाता नारद हैं, जिन्होंने दीक्षा ग्रहण किया हैं तो वह भी उनसे दीक्षा ग्रहण करेंगे। दीक्षा ग्रहण करने के बाद मायापुरुष के बताए रास्ते में भटक कर सभी धर्म कर्म त्याग कर केवल इंद्रियों को सुख करने में लगकर पथ भ्रष्ट हो गए। जिसके कारण भगवान शिव ने विश्वकर्मा द्वारा निर्मित दिव्य रथ में सवार होकर त्रिपुरासुर का नाश किया। जिस समय भगवान शिव ने धनुष बाण साधा उस समय चंद्रमा पुष्य नक्षत्र में आया। जिसके कारण तीनों लोक एक हुए और एक ही प्रहार से तीनों लोक का नाश कर दिया। संगीतमय इस आयोजन में ओंकार पटेल, रामेश्वर बरिहा, सोनालाल पटेल शिव भजन प्रस्तुत करते हैं। कथा श्रवण करने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा भी पहुंची थीं।

## धान घोटाले के विरोध में युकां ने फूंका सीएम का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

युवा कांग्रेस विधान सभा अध्यक्ष सौरभ लोधी के नेतृत्व में तथा नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की विशेष उपस्थिति में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार की शाम 5 बजे स्थानीय नेहरू चौक कांग्रेस भवन के पास प्रदेश में चर्चित करोड़ों के धान घोटाला के विरोध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेसजनों ने नारेबाजी कर महासमुंद जिला सहित प्रदेश के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों से गायब हुए करोड़ों के धान घोटाले के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई, एफआईआर की मांग की। युवा कांग्रेसियों ने कहा कि यह भ्रष्टाचार जान बूझकर किया गया है। और इसमें कई लोग संलिप्त हैं। इस मामले में तत्काल अपराध दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी कर धान घोटाले की रकम की वसूली की जाए। प्रदेश सरकार इस मामले के आरोपियों को बचा रही है। पुतला दहन के दौरान पुलिस व युवा कांग्रेस जनों के बीच झुमाझटकी भी हुई। पुलिस की दखल के बावजूद पुतला दहन सफल रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, विधान सभा अध्यक्ष सौरभ लोधी, भरत सिंह ठाकुर, राजू साहू, आशीष साहू, शाहबाज राजवानी, रिंकू चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, रत्नेश साहू, मो. अजहर, मो. अरशद, यशवंत ध्रुव, दिनेश यादव, जीतू ध्रुव, विहास साहू, मनोज, भुनेश्वर यादव, गोपाल ध्रुव, गोविंद यादव, तरुण ध्रुव उपस्थित थे।



## अविरल सितली-निर्मल अविरल सितली अभियान, जनसहयोग से संवरेगा सितली

**महासमुंद।** शहर की जीवनदायिनी और प्राकृतिक धरोहरों को सहेजने के संकल्प के साथ 'अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान के अंतर्गत सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। सामुदायिक एकजुटता को प्रदर्शित करते हुए भोजपुरी समाज के प्रतिनिधि रामआसरे यादव (पहलवान) ने अपनी चेन माउंटेन मशीन को तीन दिनों के लिए डीजल सहित निःशुल्क सेवा में अभियान कार्य के लिए समर्पित किया। अभियान की कार्ययोजना को लेकर पारदर्शिता और संवेदनशीलता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। सफाई के प्रारंभिक चरण के पूर्ण होते ही पूरे क्षेत्र की मार्किंग की जाएगी, जिसके पश्चात एक वृहद सफाई अभियान चलाया जाएगा।

समिति ने यह स्पष्ट किया है कि कार्य के दौरान आसपास रहने वाले रहवासियों के हितों और उनकी भूमि की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। इसके लिए विधिवत सीमांकन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। यदि सौंदर्यीकरण या रास्ते के निर्माण के दायरे में किसी व्यक्ति की निजी 'लगानी' भूमि आती है, तो संबंधित भू-स्वामी की पूर्ण सहमति और चर्चा के बाद ही आगे का निर्माण कार्य किया जाएगा। परियोजना का उद्देश्य न केवल नाले की सफाई करना है, बल्कि इसके वर्तमान स्वरूप को पूरी तरह बदलकर इसे एक स्वच्छ और निर्मल स्वरूप देकर विकसित करना है। योजना के अनुसार नाले के दोनों किनारों पर सुगम रास्तों का निर्माण और आकर्षक पचरी (घाट) बनाने का कार्य भी किया जाना है, जिससे क्षेत्र की सुंदरता और उपयोगिता दोनों बढ़ेगी। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाणिग्रही और सचिव मोहन साहू ने इस अभियान को शहर के गौरव से जोड़ते हुए सभी नगरवासियों से भावुक अपील की है। उन्होंने कहा कि सितली नाला हमारे शहर की विरासत है और इसे स्वच्छ व सुंदर बनाना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

## मनरेगा के मूल स्वरूप को बदलकर काम का अधिकार मोदी सरकार ने छीना : अमर

### बंदोरा से हुआ मनरेगा बचाओ संग्राम का शुभारंभ

**महासमुंद।** प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बंदोरा (सिरपुर) से मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत पंचायत स्तरीय जागरुकता अभियान की शुरुआत पटेवा झलप सिरपुर मंडल के पदाधिकारियों द्वारा की गई। ग्राम बंदोरा में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी द्वारा नियुक्त प्रभारी कन्हैया अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहित ध्रुव, पूर्व जिला पंचायत सभापति अमर अरुण चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू आदि उपस्थित रहे। अमर अरुण चंद्राकर ने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन रोकने और गरीब परिवारों को आर्थिक संबल देने का काम किया है। ऐसे जनकल्याणकारी योजना के स्वरूप को दुर्भावनापूर्वक बदलकर काम के अधिकार को छीना जा रहा है। कार्यक्रम को मोहित ध्रुव, खिलावन साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर केशव चौधरी सेक्टर प्रभारी, शंकर पटेल ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस, संतोष पटेल पूर्व सरपंच, परस पटेल, लालसिंग ध्रुव, लोहान, देवराज ठाकुर, धनीराम, सियाराम, भागीरथी ठाकुर, हीरासिंग, गणेशराम, सोनुराम, इंद्रजीत, ललित यादव, गुलाब, बंशी, अमरसिंह, बृजेश, जागेश्वर, वेदकुमार, कलीराम ध्रुव, जीरण, संतोष बारिहा, नारायन, दीनबंधु, कमल, शिवपाल, पुनीत राम, शिव पटेल, नेहरूलाल आदि मौजूद रहे।




## पालक-शिक्षक बैठक में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन कक्षा नर्सरी से कक्षा 10वीं तक किया गया। आयोजन का प्रमुख उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अध्दवार्षिक परीक्षा परिणाम पर चर्चा कर उनके प्रगति व सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न तथ्यों पर पालक एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का विचार अभिव्यक्त कर उनका पालन व शिक्षण करना बताया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन एवं उप प्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, वर्षा चंद्राकर तथा उपस्थित पालकगणों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित के समीप दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया।

पश्चात विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन ने उद्बोधन में बच्चों के विकास के मार्ग में आने वाले सकारात्मक व नकारात्मक बिंदुओं पर अपना विचार प्रकट किए। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने पालक-शिक्षक बैठक के प्रमुख बातों पर बच्चों के लिए अपने मार्गदर्शन व सुझाव देने के साथ-साथ उपस्थित सभी पालकों से यह अपील की, कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए माता-पिता सदैव जागरूक रहें, छात्र के संपूर्ण विकास में शिक्षक एवं माता-पिता दोनों का योगदान रहता है। उप प्राचार्य इंदु मिश्रा ने कक्षा नर्सरी से कक्षा 10वीं तक के अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के नाम की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रवीण साहू ने किया।

पालक-शिक्षक बैठक कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षिका संध्या सोना, जागृति साहू, नीरु मांझी, सुषमा साहू, रिंकी कुर्रे, हीना खान, दीपशिखा गायकवाड़, भूमिका वर्मा, शुभ्रा अग्रवाल, मनीषा बावनकर, नंदिनी साहू, अंशु यादव, संगीता साहू, स्वाति ठाकुर, हेमलता वर्मा, आरती गुप्ता, भूमिका निर्मलकर होमेश साहू, अमन वर्मा, तुषार निर्वाण, लक्ष्मीनारायण साहू, तेजन कुमार का सफल योगदान रहा।





## सामूहिक वंदे मातरम् गीत गायन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधायक व महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन समिति अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा एवं प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ पूर्ण होने पर सामूहिक वंदे मातरम गीत का गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासन के आदेशानुसार आज पूरे प्रदेश में वंदे मातरम गीत जो बंकिम चंद्र चटोपाध्याय द्वारा रचित है, जिसका गायन एक ही समय में, एक साथ किया गया। इसी तारतम्य में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भी कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, जनभागीदारी समिति के सदस्य संदीप दीवान, पवन पटेल, रमेश साहू, आनंदगिरी गोस्वामी, गुलाब सिंह ठाकुर, डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो मंचस्थ रहे। सभी मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे ने कहा कि भारतवर्ष आध्यात्मिक भूमि है। हम सभी इस आजाद भारतवर्ष को सुरक्षित रखें। विविधता में एकता की पहचान को निरंतर जीवित रखें। आज के इस कार्यक्रम के माध्यम से वंदे मातरम गीत को आत्मसात करें। हम सभी के लिए पहले राष्ट्र है तो हम अपने दायित्वों को ईमानदारी, सत्या एवं निष्ठा से पूरा करे, जिससे अपने साथ साथ राष्ट्र को भी इसका लाभ हो।



आतिथ्य उद्बोधन में संदीप दीवान ने सभी को वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पूर्ण होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वंदे मातरम की सार्थकता को हम सभी जानते है, हमारे देश को जन्मभूमि का दर्जा दिया गया है, यह वंदे मातरम गीत हमें कृतज्ञता का भाव सिखाता है। साथ ही इस गीत में हमारे संस्कृति, समृद्धि, साहित्यिक एवं आध्यात्मिकता का वर्णन किया है, जिससे हम गौरवशाली भारत में एकजुटता का भाव प्रकट करते हुए जीवन में आगे बढ़े जिससे यह एकजुटता का संदेश युगों युगों तक प्रासंगिक होगा। तत्पश्चात वंदे मातरम गीत पर वाचन रीतु साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर बायो की छात्रा द्वारा किया गया। जिसमें बताया गया कि जिसमे कहा गया कि वंदे मातरम गीत हमें एकता का संदेश भी देता है। हमारा देश अनेक भाषाओं और संस्कृतियों का संगम है। फिर भी हम सब एक है। क्योंकि, हमारी पहचान भारतीय है। यह गीत हमें जोड़ता है और देश के प्रति समान प्रेम की भावना पैदा करता है। साथ ही एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा देशभक्ति भाषण के साहित्यिक प्रस्तुति मनोज देवांगन, नीलम साहू, नेहा साहू, विजयलक्ष्मी, मनीषा साहू, डिगेश राजवंशी, शुभम शर्मा ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आरके अग्रवाल, डॉ. नीलम अग्रवाल, एसआर रात्रे, मनीराम धीवर, डॉ. दुर्गावती भारतीय, डॉ. ईश्वरी प्रसाद चेलक, सरस्वती सेठ, राजेश्वरी सोनी, डॉ. अजय कुमार देवांगन, मनबोध चौहान, दिलीप कुमार बढ़ाई, आशुतोष पूरी गोस्वामी, मनीषा प्रधान, डॉ.जगदीश सत्यम, प्रियंका सोनवानी, केशरचंद बनपाल, अतिथि व्याख्याता जीवन लाल चंद्राकर, डॉ. कलम रेखा, विजय कुमार मिर्चे, नम्रता तंबोली, मृणाली चंद्राकर, शिवानी तावेरकर, रेणुका साहू, डॉ. जागृति चंद्राकर, डॉ. गरिमा दीवान, डॉ. सुशान्त भट्टाचार्य, डॉ. भूपेश पात्रा, ममता साहू, रूपावती, सीपी चतुर्वेदी, रोहिणी देवांगन, टीकम साहू, पूजा यादव। जनभागीदारी व्याख्याता प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर, कल्याणी साहू, किरण साहू, मुकेश ढीढी, कार्यालय कर्मचारी गेश्वर दीवान छात्रावास अधीक्षक, सुशील जांगडे, सौरभ साहू, वेद देवांगन, मिलाप सिंह ध्रुव, कुंदन कुमार देवांगन, केशर कुमार कश्यप, मनीष साहू, तेजस्वनी साहू, पूर्णिमा साहू, ललित कुमार लोधी, बीएल साहू, राकेश जॉगडे, मोरजध्वज कन्नौजे, कपिल पेंदरिया सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। साहित्यिक कार्यक्रम का संचालन दिलीप लहरे क्रीड़ा अधिकारी एवं वंदे मातरम गीत गायन कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद द्वारा किया गया।

## आत्मानंद कॉलेज में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदृश महाविद्यालय में वंदे मातरम गान की 150वीं वर्षगांठ पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11:30 बजे महाविद्यालय प्रांगण में हुई। आयोजन में देशभक्ति, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली रहे। जबकि, अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि के रूप में अमन वर्मा जनभागीदारी समिति सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-वंदन से हुआ। पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं विचारोत्तेजक भाषणों की प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यार्थियों ने अपने गीतों एवं भाषणों के माध्यम से वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व, स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। तत्पश्चात संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल शब्द नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की आत्मा है। यह गीत हमें त्याग, समर्पण और देशप्रेम की भावना से जोड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा वर्ग ही देश का भविष्य है और उसे अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इसके बाद मुख्य अतिथि सतपाल सिंह पाली ने अपने संबोधन में वंदे मातरम के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। उन्होंने कहा कि जब-जब वंदे मातरम गाया गया, तब-तब भारतवासियों की रगों में देशभक्ति का संचार हुआ। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनें। दोपहर 12:50 बजे एक छात्रा द्वारा वंदे मातरम गीत का एकल गायन प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भावनात्मक बना दिया। इसके पश्चात 12:55 बजे सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अतिथियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया, जिससे पूरा परिसर राष्ट्रप्रेम के नारों और भावनाओं से गूंज उठा। मोनिषा साहू (बीएससी गणित अंतिम वर्ष) ने गीत में प्रथम स्थान, हर्षिता साहू (बीएससी कंप्यूटर साइंस अंतिम वर्ष) ने भाषण में द्वितीय व अनन्या यादव बीएससी गणित अंतिम वर्ष ने भाषण में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि को सम्मानस्वरूप स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया, जिस पर अतिथियों ने महाविद्यालय के इस आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिमा चंद्राकर, सहायक प्राध्यापक (हिंदी) द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन निलेश तिवारी अतिथि व्याख्याता (गणित) ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में रवि देवांगन (सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र), तरुण कुमार बांधे (सहायक प्राध्यापक एवं वाणिज्य संकाय प्रमुख) व अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस. मैथ्यू (समाजशास्त्र) आदि मौजूद रहे।



किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध

- अपेंडिक्स व हर्निया का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- आँखों के सभी ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील व अंडकोष का ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन
- ब्रेन एवं मस्तिष्क के सभी ऑपरेशन

24/7 उपलब्ध सर्जन

- डॉ. एन. के. अग्रवाल – वरिष्ठ सर्जन
- डॉ. गंगाधर आत्राम – जनरल, लैप्रोस्कोपिक एंडोस्कोपी एवं लेज़र सर्जन
- डॉ. देवेश अग्रवाल – नेत्र रोग सर्जन
- डॉ. भारती अग्रवाल – स्त्री, प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
- डॉ. संदीप अग्रवाल – ऑर्थोपेडिक सर्जन
- डॉ. वैभव धवली – न्यूरो सर्जन

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL

अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
TPA, CGHS की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### गुड शेफर्ड स्कूल में मनाया गया भारतीय थल सेना दिवस

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल परिसर में भारतीय थल सेना दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकालीन सभा में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भारतीय थल सेना के शौर्य, बलिदान और अनुशासन को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। विद्यालय के उप-प्राचार्य मिताली गुरुंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय सेना हमारे देश की सुरक्षा की मजबूत ढाल है। सैनिक कठिन परिस्थितियों में भी देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। प्राचार्य एम निवास राव ने विद्यार्थियों से देशभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा जैसे गुणों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सैनिकों की वेशभूषा में देशभक्ति गीत, भाषण एवं कविता पाठ प्रस्तुत किए। कुछ विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के इतिहास और उपलब्धियों पर अपने विचार रखे। अंत में सभी ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। यह आयोजन विद्यार्थियों में देशप्रेम और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने में सफल रहा।

### सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता के लिए विशाल हिंदू सम्मेलन आज

**महासमुंद।** शहर के दानवीर भामाशाह बस्ती (कुर्मीपारा) स्थित राम मंदिर परिसर में शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में नई ऊर्जा का संचार करना और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम मंदिर के पुरोहित नारायणदास वैष्णव करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत सह-कार्यवाह घनश्याम सोनी उपस्थित रहेंगे। आयोजन में संत-महात्माओं का सान्निध्य और आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। आयोजन समिति ने हिंदू रक्षा और सामाजिक समानता के संकल्प के साथ सभी सनातनी लोगों को सपरिवार आमंत्रित किया है। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। समिति का मानना है कि यह सम्मेलन समाज को एकजुट करने और सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### तीन दिवसीय सत्संग 19 से

**महासमुंद।** ग्राम कोल्दा में 19 जनवरी से 21 जनवरी तक तीन दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बाराबंकी उत्तरप्रदेश से निष्ठा साहेब अपनी संत मंडली के साथ कबीर वाणी का बखान करेंगे।

---

**अनदेखी : झलप के बस स्टैंड चौक और छिलपावन चौक यातायात अव्यवस्था का गंभीर उदाहरण**

# एनएच-53 पर लापरवाही के चलते न बस स्टॉप, न नियंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच–53 पर स्थित ग्राम झलप के बस स्टैंड चौक और छिलपावन चौक यातायात अव्यवस्था का गंभीर उदाहरण बन चुका है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि एनएच–53 के निर्माण के दौरान इस अत्यंत व्यस्त चौक पर बसों के रुकने के लिए किसी भी प्रकार की अधिकृत बस स्टॉपेज की व्यवस्था नहीं की गई। इसके बावजूद निजी यात्री बसें प्रतिदिन यहां मनमाने ढंग से बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुककर सवारियां चढ़ा-उतार रही हैं।

झलप बस स्टैंड चौक में एक ओर झलप बाजार दूसरी ओर ग्राम लखनपुर का रास्ता खुलता है, जो अति व्यस्त चौक है। छिलपावन चौक में भी ओडिशा और बागबाहरा की तरफ से भारी वाहनों का रेलमपेल रहता है, ऊपर से दुकानों के सामने बेतरतीब गाड़ियों का खड़ा होना इस चौक को बेहद खतरनाक बना रहा है, यह अत्यंत संकरा मार्ग है ऊपर से दिनभर भारी यातायात दबाव और दुर्घटना की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। ऐसे में हाईवे पर बसों का अचानक रुकना किसी भी समय भीषण सड़क हादसे को दावत दे सकता है।

कहने को दोनों ओर सर्विस रोड है, लेकिन बसों के बेवजह और अवैध रुकने के कारण सर्विस रोड से निकलना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों को सड़क पार करने में जान जोखिम में डालनी पड़ती है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि बस रोकने के लिए कोई अधिकृत स्टाफ तैनात नहीं, न कोई चेतावनी बोर्ड, न ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी। यह स्थिति मोटर व्हीकल एक्ट और यातायात नियमों का खुला उल्लंघन है और सीधे तौर पर आम जनता, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की जान को खतरे में डाल रही है।

बीएटीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज तिवारी ने कहा कि झलप बस स्टैंड से लेकर छिलपावन बागबाहरा चौक तक बस स्टॉप के लिए जगह नहीं मिलने पर ग्राम छिन्दोली में बस स्टॉप बनाया गया है, और बस को सर्विस रोड में चलाने के लिए स्थानीय थाने और परिवहन विभाग को कई बार पत्र भेजा गया है।इसकी पुष्टि के लिए थाना पटवा के प्रभारी उमेश वर्मा का कहना है कि बस मालिकों को समझाइश देंगे, परिवहन विभाग के आयुक्त ने फोन नहीं उठाया।







**1000 स्कूली बच्चों की सुरक्षा से सीधा खिलवाड़**

सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि इस खतरनाक चौक से मात्र 200–250 मीटर की दूरी पर क्षेत्र का सबसे बड़ा हायर सेकेंड्री स्कूल स्थित है, जहाँ करीब 700 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। मिडिल स्कूल, प्राथमिक शाला, प्राइवेट स्कूल के बच्चे भी, जो रोजाना इस मार्ग से स्कूल आते-जाते हैं। सुबह और छुट्टी के समय ट्रैफिक सबसे ज्यादा रहता है, उसी दौरान बसें बीच सड़क पर रोक दी जाती हैं। कई बार बच्चे बसों और तेज रफ्तार वाहनों के बीच फँस जाते हैं, जिससे चाहते कई बार दुर्घटना हो चुकी है, लेकिन शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार हो रहा है।

# पिथौरा में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



नगर के शहीद भगत सिंह खेल मैदान में यंग क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे मैच के शुभारंभ में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता विक्की सलूजा ने टॉस करवाकर मैच का शुभारंभ किया।

इस अवसर व्यापारी एकता मंच के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, भाजपा नेता कुलदीप अग्रवाल, राजेश चौधरी, पत्रकार गौरव चंद्राकर, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दुर्गेश सिन्हा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला महामंत्री जीवन टांडी, जिला मीडिया प्रभारी राजा खनूजा, मंडल अध्यक्ष अनूप टांडी, युवा नेता ओम निषाद, सुरेंद्र सिंह सलूजा, इंद्रजीत सिन्हा, कुलजीत अजमानी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। ज्ञात हो कि पिथौरा नगर में पिछले कई वर्षों से लगातार क्रिकेट मैच हमेशा दर्शकों को देखने को मिलता है। बड़े बड़े खेल के आयोजन पिथौरा शहर कराने में मशहूर है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता विक्की सलूजा ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट में कई प्रकार के मैच होते हैं जैसे टेस्ट मैच,वनडे और टी 20 हर प्रकार का मैच अलग-अलग समय तक चलता है और उसमें अलग-अलग नियम होते हैं। मुझे क्रिकेट इसलिए पसंद है। क्योंकि इसमें धैर्य, सहनशीलता और तेज सोच की जरूरत होती है। यह खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाता है, बल्कि मानसिक विकास में भी मदद करता है। अंत में कहना चाहूंगा क्रिकेट एक ऐसा खेल है, जो लोगों को जोड़ता है और देश में एकता का संदेश देता है।

इस मैदान में भविष्य में भी क्रिकेट का आयोजन होते रहना चाहिए क्योंकि यह हम सब के लिए सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि एक जुनून होना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारी एकता मंच के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि क्रिकेट मैच लोगों को एक साथ लाते हैं और उनमें अपनेपन की भावना को बढ़ावा देते हैं। क्रिकेट के माध्यम से, छात्र सामूहिक प्रयास और दूसरों के प्रति सम्मान का मूल्य सीखते हैं। यह क्रिकेट को सिर्फ़ एक खेल से कहीं बढ़कर बनाता है। इस अवसर पर आयोजक अंजय सिन्हा, पोलेश मिश्रा, कोमल चौबे, रवि आरके, चिंटू सिन्हा, राहुल यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ लगाया जागरुकता शिविर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के विशेष व नालसा की योजना के तहत नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में जिले में अधिकार मित्रों के माध्यम से विशेष जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो के निर्देशानुसार जिले के आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों को नालसा के डान अभियान के तहत नशामुक्त भारत के लिए जागरुकता एवं मार्गदर्शन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शिक्षण संस्थानों खासकर स्कूलों, कॉलेजों, हास्टल, छात्र क्लबों, युवा संगठनों और किशारों और युवाओं वयस्कों को जोड़ने वाले अन्य प्लेटफार्मो में युवाओं पर केनद्रित जागरूकता सत्रों का आयोजन शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में अधिकार मित्र बाबी गंडेचा, त्रिभुवन ध्रुव और मोहित कुमार साहू द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी एवं शासकीय मिडिल स्कूल चिंगरौद पहुंचकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा तथा नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया गया।

### सिरपुर में हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**महासमुंद।** जीएस इंग्लिश मिडियम स्कूल सिरपुर में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकुद प्रतियोगिता डॉ अनिता रावते के दिशा निर्देशन में हुआ। प्रतियोगिता सह संज्ञानात्मक गतिविधियों आधारित आयोजित की गई, जो कि मनोरंजन के साथ-साथ बच्चे के अन्य मनोगतिक विकास को बढ़ावा देना रहा। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों के लिए उनके क्षमता आधारित अलग-अलग खेल बुक रेस, बलून दौड़, जलेबी दौड़, 200 मीटर दौड़ के साथ-साथ इंटर टीम बनाकर खो-खो, कबड्डी, इत्यादि विभिन्न प्रकार के खेल इस दौरान करवाए गए। आयोजन में संस्था के प्रधानाचार्य राही ध्रुव व अंजू चंद्राकर, सुभद्रा चंद्राकर, सविता प्रधान, जय मानिकपुरी का सहयोग रहा।




### सतपथी पब्लिक हाईस्कूल में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता

**सरायपाली।** फुलझर सेवा समिति अंतर्गत संचालित सतपथी पब्लिक इंग्लिश हाईस्कूल तोषगांव में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मोहित राम रौतिया सरपंच ग्राम पंचायत तोषगांव, अध्यक्षता बसंत प्रधान विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य ग्रामीण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोषगांव रहे। जहां नर्सरी से हाईस्कूल तक के बच्चों के क्रीड़ा खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ भारत माता सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित जयदेव सतपथी, स्वर्गीय लक्ष्मण सतपथी के तैलीय चित्र पर पूजा अर्चना कर श्रीफल रिबन काटकर प्रारंभ किया गया। अतिथियों द्वारा उद्बोधन में जीवन में खेलों का महत्व और उपयोगिता पर रेखांकित किया गया। नन्हे बच्चों द्वारा जलेबी दौड़, बोरा दौड़, कुर्सी दौड़, फुगड़ी, मैथ्स रेस आदि विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के डायरेक्टर अक्षय पात्र, प्राचार्य सुनील सागर, क्रीड़ा प्रभारी भरत सांड एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारियों में आदेश प्रधान, किशन प्रधान, शिवकुमार प्रधान आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर आयोजित मेला में शामिल हुए खल्लारी विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा




मकर संक्रांति पर ग्राम घोघरा में आयोजित मड़ई मेला में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मकर संक्रांति पर ग्राम घोघरा में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। विधिवत पूजा अर्चना के बाद मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कहा कि मकर संक्रांति केवल तिल और गुड़ के मेल का पर्व नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। यह पर्व नई शुरुआत, सद्भाव और खुशहाली का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थितजनों को मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवित रखने के साथ-साथ समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला साहू संघ के धरम दास साहू, जिला पंचायत सदस्य करण दीवान, सरपंच सुनीता रूपचंद साहू, ग्राम पटेल रघुनंदन साहू, भारत साहू, चमन दिवान, युगल साहू, राजू साहू, तुकाराम साहू, तुलाराम साहू, मोतीराम साहू, पवन साहू, रमेश साहू, प्रेम साहू, नीलांबर साहू, नूतन साहू, रेमलाल साहू, भागवत, छबिराम, ब्रम्ह सिंग, राकेश टंडन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने ग्राम नदी चरौदा में आयोजित सूखा लहरा मेला महोत्सव में शिरकत भी की। इस दौरान उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पिथौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण सिंह दिवान, पूनम मानिकपुरी, संजय अग्रवाल, धनेश ध्रुव, अश्वनी ठाकुर, केशव साहू आदि मौजूद रहे।




### ग्रीन केयर ने किया पं गजानंद दुबे के दशगात्र में पौधा भेंट

**बागबाहरा।** खुशी हो या ग़म,पौधा लगाएं हरियाली बढ़ाएं हम। इस हृदय स्पर्शी भावनात्मक नारे के साथ पौधरोपण एवं पर्यावरण संदेश ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा निरंतर दिया जा रहा है। जन्म, विवाह, स्मृति, पर्व, त्योहार हर अवसर पर पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने प्रकृति संवारने का संदेश देने की कड़ी में ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही के मार्गदर्शन में संस्था के वरिष्ठ पंडित भागीरथी दुबे एवं पंडित कैलाश दुबे ने ग्राम सोरमसिंघी पहुंचकर दिवंगत पंडित गजानंद दुबे के दशगात्र कार्यक्रम में फलदार पौधा भेंट किया। स्व. पंडित गजानंद दुबे के परिवारजनों, वीरेंद्र दुबे, पार्थ दुबे, सुरेंद्र दुबे, चंद्रकांत दुबे, फेकन बाई दुबे, डालिमा दुबे को पौधा प्रदान करते हुए पंडित भागीरथी दुबे ने कहा कि पौधे को रोपित कर इसे बड़ा करें। हरियाली बढ़ेगी एवं स्वर्गीय पंडित गजानंद दुबे की स्मृतियां सदा आप सभी परिजनों के साथ रहेंगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में आए तोरण ध्रुव, अतिथियों एवं ग्रामवासियों ने इस अभियान की सराहना की।

# लाफिनकला में ग्रामीणों ने फूल बिछाकर किया पंचकोशी यात्रियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- संतान सुख व योग्य वर की कामना लिए करते हैं यात्रा



गुरुवार को ग्राम लाफिनकला में युवाओं ने पंचकोशी यात्रियों का स्वागत किया। पंचकोशी यात्रियों का स्वागत गांव की गलियों में फूल बिछाकर व आरती उतार कर किया। भजन गायन के लिए साउंड की व्यवस्था सहित सभी यात्रियों के लिए स्वल्पाहार व चाय व्यवस्था की गई। यात्री बताते है कि यह बहुत कठिन यात्रा है। कडाके की ठंड में नंगे पैर पैदल चलकर भोजन व्यवस्था साथ रखकर यह यात्रा किया जाता है।

यह करीब सप्ताहभर की यात्रा होती है। यात्रा का शुभारंभ मकर संक्रांति के पूर्व 12 जनवरी से कुलेश्वर महादेव राजिम से शुरू होती है। तत्पश्चात ग्राम पटेवा में विराजमान पटेश्वर, चंपारण में चंपेश्वर, बम्हनी में ब्रह्मेश्वर, फिंगेश्वर के फणेश्वर, कोपरा के कोपेश्वर, लफिंदी के लफेश्वर पश्चात कुलेश्वर महादेव में पंचकोशी यात्रा का समापन होता है। पूरे यात्रा में श्रद्धालु भगवान शिव और श्रीराम का जयकारे लगाते भजन कीर्तन करते हुए पैदल चलकर यात्रा पूरी करते है। श्रद्धालु बताते हैं कि प्रत्येक शिवालयों की दूरी करीब पांच कोस दूर है, इसलिए इस यात्रा को पंचकोशी यात्रा कहा जाता है। जन आस्था है कि इस यात्रा में शामिल होने से अविवाहित युवक युवतियों को सुयोग्य वर की प्राप्ति व निःसंतान दंपति को संतान सुख की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि इस यात्रा में बच्चे, बूढ़े,जवान सभी उम्र के लोग शामिल होते हैं। प्रत्येक वर्ष यह यात्रा पौष पूर्णिमा मकर संक्रांति के अवसर पर किया जाता है। इन यात्रियों का जगह-जगह स्वागत सत्कार किया जाता है। यात्री गांव गांव में रुककर भजन कीर्तन कर नाचते झूमते लोगों को आशीर्वाद देते यात्रा करते हैं।

ग्राम लाफिन कला में विगत सात आठ वर्षो से युवाओं व ग्रामीणों द्वारा भव्य रूप से स्वागत किया जाता है। पंचकोसी यात्री इस गांव की युवाओं की सराहना करते नहीं थकते। वहीं यात्रियों ने सरकार से यात्रा के दरम्यान पानी, ठहरने के लिए उचित व्यवस्था तथा खराब सड़कों को ठीक कराने की मांग किए हैं। स्वागत में जगदीश साहू, नेतन पटेल, जनक साहू, हेमलाल पटेल, छगन पटेल, पुरानिक साहू, हृदय साहू, भोजराम साहू, गोवर्धन साहू, योगेश्वर साहू, लोकू साहू, चंद्रिका साहू, समारू विश्वकर्मा, नरोत्तम पटेल, कृष्णा पटेल, मोहन पटेल, भुवन साहू, खोमनदास मानिकपुरी, कुश पटेल, टीकाराम पटेल, हरीश साहू, अवधेश साहू, पूनम चंद साहू, हरीश साहू, संतोष पटेल, देवेंद्र साहू, राकेश पटेल, खेमराज पटेल, पिंटू पटेल, टिकेश्वर साहू, धर्मेंद्र साहू, दीपक साहू, अर्जुन निषाद, चेतन साहू, कमलेश साहू का सहयोग रहा।



### जिला एवं सत्र न्यायाधीश का किया अभिनंदन

**सरायपाली।** अधिवक्ता संघ द्वारा नवनियुक्त संतोष आदित्य, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा के प्रथम नगर आगमन पर उनका अभिनदंन किया गया। उल्लेखनीय है कि संतोष आदित्य सरायपाली अधिवक्ता संघ के सदस्य थे, उस दौरान उनका न्यायिक सेवा में चयन हुआ था। अपने उत्कृष्ट सेवा से पदोन्नति पश्चात उनकी नियुक्ति जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा हुई है। भारी सांख्य में अधिवक्ता संघ के सदस्यों की उपस्थिति में संतोष आदित्य द्वारा अपने संबोधन में पुरानी दिनों को स्मरण कर सभी का आभार प्रगट किया।

## खबर संक्षेप



### भारतीय थल दिवस मनाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारतीय थल सेना दिवस पर ज्ञान गंगा विद्या मंदिर खरोरा में अमर जवान सैनिकों को सलामी दी गई। भारतीय थल सेना दिवस 15 जनवरी के दिन मनाया जाता है। इस दिन भारत देश में भारतीय सेना के शौर्य और समर्पण को याद करते हैं, क्योंकि यह दिन भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ के पदभार संभालने की याद दिलाता है, जो सैनिक ने देश के लिए शहीद हुए हैं, उनको याद करने के लिए भारतीय थल सेना दिवस मनाया जाता है। इस दौरान ज्ञान गंगा विद्या मंदिर के शिक्षक नीलम कोसरे, लता चंद्राकर, माधुरी पटेल, मनीषा चंद्राकर, हीना चंद्राकर, ललिता धीवर, रूक्मणी सारथी, दीपा कुर्रे उपस्थित थे।

### क्रिकेट टीम के लिए चयन ट्रायल कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा सभी



जिला क्रिकेट संघों के लिए महिलाओं के अंडर-15 और अंडर-19 चयन ट्रायल्स 2026-27 के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिस हेतु जिले की टीम का चयन ट्रायल 17 जनवरी शनिवार प्रातः 9 बजे से मिनी स्टेडियम महासमुंद में आयोजित होगा। ट्रायल्स में भाग लेने के लिए 2026-27 सत्र की जो कट-ऑफ तिथि तय की गई है। उसके अनुसार अंडर-15 : 1 सितंबर 2011 या उसके बाद जन्मे (31 अगस्त 2014 तक) अंडर-19 : 1 सितंबर 2007 या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी पात्र होंगे। ट्रायल्स में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है, बिना पंजीकरण के खिलाड़ी ट्रायल्स में भाग नहीं ले सकेंगे पंजीकरण हेतु पिछले 6 वर्षों की मार्कशीट, डिजिटल/मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र (क्यूआर कोड के साथ), पीवीसी आधार कार्ड, शामिल होना अनिवार्य किया गया है।

## प्रतियोगिता : जैन प्रीमियर लीग महासमुंद क्रिकेट का हुआ आयोजन

# राइजिंग स्टार ने जीता जेपीएल खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सकल जैन समाज के तत्वावधान में शहर में पहली बार जैन प्रीमियर लीग महासमुंद क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 3 से 9 जनवरी तक चलने वाले इस मुकाबले में जैन समाज के कुल 100 प्रतिभागियों का नामांकन प्राप्त हुआ। जिसमें से 84 खिलाड़ियों का नीलामी प्रक्रिया के तहत चयन कर टीम के मालिकों द्वारा कुल 6 टीमें तैयार की गई।

फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। फाइनल मैच में दर्शन झाबक व अमन बरडिया की टीम राइजिंग स्टार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। जबकि, संकल्प पारख की टीम टू आईज स्ट्राइकर उपविजेता रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. भागचंद गोलछा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में धरमचंद श्रीश्रीमाल, राजमल कोटड़िया, गुमानचंद मालू, हेमचंद गोलछा, सम्पत चोपड़ा, नरेंद्र लूनिया, प्रकाश गोलछा, कांतिलाल कोचर, सुरेश चोपड़ा, रूपचंद गोलछा, रमेश सांखला, राजेश लूनिया, त्रिलोकचंद सांखला एवं रमेश कोठारी मंचासीन रहे। सात दिवसीय इस कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू, पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, संदीप दीवान, सतपाल सिंग पाली, महेंद्र लूनिया, रमेश साहू, धर्मेंद्र महोबिया, आनंद साहू, पंकज चंद्राकर, संदीप घोष, शरद मराठा आदि अनेक प्रतिनिधियों ने अपना बहुमूल्य समय प्रदान किया।

महासमुंद राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस चोपडा, देवी लूनिया, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स प्रदेश मंत्री बसंत लूनिया, एसबीआई महासमुंद शाखा चीफ मैनेजर प्रवीण गोलछा, सुनील पाटिल, नूरेन चंद्राकर, रवि राठी, कृष्ण साहू, मेहूल सूचक, पप्पू गंभीर, जोजी, सोनू चावला, खुशाल श्रीश्रीमाल, मनोज मालू, गजेंद्र पींचा, ललितांग गोलछा, पवन पारख, हेमंत कोटड़िया, सन्नी लूनिया, शैलेंद्र चोपड़ा, सम्यक लूनिया, उम्मेद बाफना, नम्मू बोथरा, प्रतीक चौरड़िया, सम्यक चोपड़ा, मनीष मालू, कमल लूनिया, अभिषेक लूनिया, नीरज कोचर, सुशील बोथरा सहित अनेक नागरिक उपस्तिथ रहे। मैच की कमेंट्री के लिए राजेश शर्मा, नितिन बरमेचा, राजा गुरुदत्ता, लूणकरण चोपड़ा, सोनू गुरुदत्ता एवं भूपेंद्र कोटड़िया का विशेष सहयोग रहा।

इस प्रतियोगिता में मैन ऑफ़ द सीरीज एवं सर्वाधिक रन बनाने वाले राहुल दिलीप बोथरा रहे और सर्वाधिक विकेट लेने वाले बॉलर नमन झाबक रहे।

अतिथियों ने खिलाड़ियों के खेलभाव, अनुशासन एवं आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा जैन प्रीमियर लीग को खेल, सामाजिक समरसता एवं युवा प्रतिभाओं को मंच देने वाला एक सशक्त आयोजन बताया। आयोजन समिति की ओर से रितेश गोलछा, प्रशांत चोपड़ा, मुकेश चौरड़यि, सुमित कोचर, सौरभ मालू, तन्मय लूनिया एवं श्रेयांस कोटड़यि ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रायोजकों, सहयोगियों एवं दर्शकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।





### आयोजन के बाद चलाया गया स्वच्छता अभियान

जेपीएल समिति के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन के बाद सकल जैन संघ के सहयोग एवं नूरेन चंद्राकर की टीम के साथ मिलकर मिनी स्टेडियम के साथ साथ डीएमएस स्कूल, स्वामी आत्मानंद कॉलेज एवं नवकिरण अकादमी के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के पीछे उनका उद्देश्य यह था कि जिस भूमि का उपयोग उन्होंने किया, उसका उपकार मानने और उसके लिए कुछ करने का इससे अच्छा कोई विकल्प नहीं था। इस स्वच्छता अभियान में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों का भरपूर सहयोग मिला। नगर पालिका का भी विशेष सहयोग इसमें प्राप्त हुआ।

## महासमुंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 6 सड़कों को मिली वित्तीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-आईवी के तहत महासमुंद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 6 प्रमुख सड़कों के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति मिली है। इसके लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया है।



जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक सिन्हा ने बताया कि महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के 6 ऐसे सड़कों के लिए स्वीकृति मिली है, जिसकी मांग काफी समय से की जा रही थी। इसमें ग्राम बंबुरडीह से रामाडबरी तक 2.1 किलोमीटर सड़क बनेगी, जिसकी लागत 190.82 लाख रुपए होगी। इसके साथ ही ग्राम झारा से चितमखार तक 2.1 किलोमीटर सड़क, 176.78 लाख, ग्राम सुकुलबाय से नांदबारु तक 169.41 लाख की लागत से 2.4 किलोमीटर, ग्राम सुकुलबाय से केशलडीह 1.7 किलोमीटर तक सड़क लागत 146.12 लाख, ग्राम अमलोर से बोरिद तक 469.86 लाख की लागत से 5.8 किलोमीटर और ग्राम सिंघी से परसापाली-नायकबांधा तक 3.55 किलोमीटर सड़क बनेगी, जिसकी लागत 265.41 लाख होगी। इस प्रकार ग्रामीण सड़कों का विस्तार होगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का हो रहा विस्तार

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण बस्तियों को बारहमासी, हर मौसम में चलने योग्य सड़कों से जोड़ना है। ताकि, ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास हो सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का चौथा चरण सितंबर 2024 में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया, जिसका लक्ष्य 2024-2029 की अवधि में 62500 किलोमीटर की बारहमासी सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करना है।

### गांव हो या शहर हर क्षेत्र में विकास

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सुशासन सरकार में गांव, शहर सभी जगह विकास हो रहे हैं। गांव के पहुंच मार्गों के साथ आंतरिक सड़कों का निर्माण भी किया जा रहा है। इससे बारिश में होने वाली आवागमन की समस्याओं से ग्रामीणों को छुटकारा मिल रहा है। किसानों की आय बढ़ रही है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपए मिल रहा है। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का मकान मिल रहा है। प्रदेश में युवाओं के लिए नए शैक्षणिक संस्थान, हाईटेक लाइब्रेरी खोले जा रहे हैं, जिससे राज्य के युवाओं को राज्य में ही बेहतर शिक्षा मिल सके।

## महासमुंद की मृणाल को मुख्यमंत्री ने प्रदान किया 'युवा रत्न' सम्मान, नारी शक्ति महिला टीम ने जताया हर्ष



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय की होनहार बालिका मृणाल विदानी ने विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में अद्भुत नवाचार के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने अपनी नारी शक्ति महिला टीम के साथ मृणाल के निवास पहुंचकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया और शाल व गुलदस्ता भेंट कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस दौरान नारी शक्ति सदस्य शीलू चंद्राकर, कुसुम चंद्राकर, उषा चंद्राकर, सरला चंद्राकर, नेमिन चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, भगवती चंद्राकर भी मौजूद रहे।

### क्षेत्र के प्रसिद्ध बावनकेरा का उर्सपाक 6 एवं 7 फरवरी को

**महासमुंद।** प्रदेश सहित क्षेत्र में प्रसिद्ध बावनकेरा का 68वां उर्स पाक धूमधाम से 6 एवं 7 फरवरी को मनाये जाने के लिए उर्स कमेटी मुस्लिम जमात एवं ग्राम प्रमुखों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। वर्षों से हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए प्रसिद्ध बावनकेरा उर्स पाक में प्रदेश के कोने-कोने सहित देशभर के श्रद्धालुओं का आगमन होता रहा है। इस वर्ष यह आयोजन 6 एवं 7 फरवरी को होने जा रहा है। तत्संबंध में रंगरोगन साफ सफाई, मेला स्थल में दुकान आबंटन प्रकाश व्यवस्था, भोजन एवं आवास, पार्किंग के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है एवं जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है। संपूर्ण तैयारियों के लिए उर्स कमेटी अध्यक्ष मो. आबिद खान, मुतवल्ली मो. जमील खान, तामीर कमेटी सदर, मो.अलीम अशरफी द्वारा आवश्यक बैठक ली जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आपसी भाईचारा एवं सौहार्द्र के साथ उर्स पाक संपन्न हो। इसके लिए बैठकों का दौर जारी है। बावनकेरा आपसी सौहार्द्र एवं एकता का प्रतीक रहा है। तैयारी बैठक में प्रमुख रुप से मो. करीम खान, जमील, सलीम, हनीफ, पीर मोहम्मद, अनीश खान, ईस्माईल, जाफर सादिक, गुलजार खान, हन इब्राहीम, रहीम खान, शकील खान सहित समस्त सदस्यगण उर्स की भव्यता के लिए जुट चुके हैं।

## छग सहायक शिक्षक फेडरेशन का एक दिवसीय जिला स्तरीय आंदोलन 17 को

**महासमुंद।** मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ सरकार के संकल्प पत्र में शामिल सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर सभी को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान कर वादा पूरा करो सरकार सहित 4 सूत्रीय मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के आह्वान पर प्रदेश के समस्त जिलों में एक दिवसीय जिला स्तरीय आंदोलन 17 जनवरी 2026 को किया जाएगा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में ईश्वर चंद्राकर जिला अध्यक्ष ने बताया कि इस आंदोलन की जानकारी सचिन भूतड़ा अपर कलेक्टर को सूचना ज्ञापन सौंप कर दी है। सूचना पत्र में उल्लेखित मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ सरकार के संकल्प पत्र में शामिल सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर सभी को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान कर वादा पूरा करो सरकार सहित पूर्व सेवा गणना कर शिक्षक एलबी संवर्ग को समस्त लाभ दिया जाए, शिक्षकों की उपस्थिति के लिए वीएसके एप्प की अनिवार्यता को समाप्त कर अन्य साधन से उपस्थिति सुनिश्चित कराया जाये और टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए की मांग के शीघ्र निराकरण के लिए 17 जनवरी 2026 को लोहिया चौक सभागार महासमुंद में एक दिवसीय जिला स्तरीय आंदोलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आंदोलन स्थल से बरोण्डा चौक होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन के नाम कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपने की सूचना जिला प्रशासन को दी जा चुकी है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक, एसडीएम महासमुंद, जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद, थाना प्रभारी महासमुंद को सूचना दे दिया गया है। छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष ईश्वर ने इस एक दिवसीय जिला स्तरीय आंदोलन में सभी शिक्षकों से सहयोग की अपील की है। साथ ही संगठन के प्रमुख पदाधिकारी सिराज बक्श, आदित्य गौरव साहू, राजाराम पटेल, दिनेश नायक, प्रदीप पटेल आदि ने की है।

### बिजली बिल हाफ योजना बंदकर व बिजली दाम बढ़ाकर गरीब उपभोक्ताओं को लूट रही सरकार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि यदि कोई गरीब व्यक्ति या छोटा दुकानदार एक या दो महीने बिजली बिल नहीं भर पाए, तो बिजली विभाग के कर्मचारी बिना देर किए कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं। इसके विपरीत सरकारी विभागों और संस्थानों पर करोड़ों रुपए बकाया होने के बाद भी बिजली विभाग की सख्ती इन विभागों पर दिखाई नहीं देती। यह दोहरा मापदंड गरीबों के लिए ही क्यों अपनाया जा रहा है। भाजपा सरकार की यह नीति उसके गरीब विरोधी होने का प्रमाण है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि एक तरफ भाजपा की कथित डबल इंजन की सरकार ने बिजली दरों में वृद्धि कर पूर्व वर्ती कांग्रेस शासन में प्रदेशवासियों को मिल रही 400 यूनिट तक के बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया। वहीं, दूसरी ओर गरीब उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिजली बिल भेजकर परेशान किया जा रहा है। गरीब वर्ग के लोग भारी-भरकम बिजली बिल जमा नहीं कर पा रहे हैं।



■ भारी भरकम बिजली बिल भेजकर गरीब उपभोक्ताओं का काटा जा रहा कनेक्शन

# जिले की 551 ग्राम पंचायतों में मॉडल जीपीडीपी को लेकर प्रशिक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में ग्राम पंचायतों की समग्र एवं आवश्यकता आधारित विकास योजना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मॉडल ग्राम पंचायत विकास योजना (मॉडल जीपीडीपी) को लेकर व्यापक प्रशिक्षण प्रक्रिया संचालित की जा रही है। जिला पंचायत द्वारा दिए गए निर्देश के तहत महासमुंद जिले के सभी 551 ग्राम पंचायतों में ब्लॉकवार फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



इसी क्रम में महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली विकासखंडों में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मॉडल जीपीडीपी के क्रियान्वयन, ग्राम पंचायत योजना निर्माण समिति की भूमिका तथा सभी विभागों और समुदाय के सहयोग से नीड-बेस्ड जीपीडीपी योजना का निर्माण कर ग्राम सभा से पारित कराने की प्रक्रिया पर विशेष रूप से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान पीएआई इंडिकेटर्स के अनुरूप 9 एलएसडीजीएस थीम के आधार पर योजनाओं के निर्माण, समावेशी योजना प्रक्रिया तथा पंचायत स्तर पर समन्वय को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

महासमुंद विकासखंड में आयोजित प्रशिक्षण में 14 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक एवं पीएचई मैकेनिक शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों को विभागीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से प्रदान किया जा रहा है। फाउंडेशन की ओर से महेंद्र आर्य ने वीडियो माध्यम से मॉडल जीपीडीपी की अवधारणा, इसकी चरणबद्ध प्रक्रिया, फ्रंटलाइन वर्कर्स की भूमिका एवं पंचायत की सामूहिक सहभागिता को सरल रूप में समझाया। साथ ही प्रतिभागियों की समझ को मजबूत करने के लिए एक इंटरैक्टिव गतिविधि भी कराई गई।



### आभास को मिला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

**सरायपाली।** एकेएस ग्लोबल एजुकेशन अवार्ड समारोह दुबई में प्रतिभा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट सरायपाली के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ आभास अग्रवाल को एकेएस ग्लोबल एजुकेशन अवार्ड समारोह में एजुकेशन के क्षेत्र में ग्रामीण स्तर पर काम करने के लिए ईडीयू लीडर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उसके विगत 15 वर्ष से शिक्षा के क्षेत्र में उसके काम के लिए उनको एक भव्य समारोह में दुबई में दिया गया। इस समारोह में 25 से ज्यादा देशों जैसे पोलैंड, तुर्की, जॉर्जिया, स्पेन, मिस्र, कतर, क्रोएशिया आदि देशों के लोगों को उनके देश में शिक्षा के क्षेत्र में काम करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ आभास ने कहा कि यह सम्मान सामुदायिक प्रयासों का प्रतिफल है। प्रतिभा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट से जुड़े हर व्यक्ति का है। साथ ही शुभचिंतकों तथा उनके परिवार के सपोर्ट का नतीजा है। इस अवसर पर प्रतिभा एजुकेशन ग्रुप के अध्यक्ष नरेश चंद्र अग्रवाल, सचिव महेश अग्रवाल ने डॉ आभास अग्रवाल के साथ प्रतिभा ग्रुप के शिक्षा मिशन में सहयोगी को साधुवाद दिया है। कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने कहा कि सराईपाली में शिक्षा के लिए उपलब्धि ही नहीं क्षेत्र के लिए गौरव भी है। प्रतिभा ग्रुप इसी तरह ग्रामीण शिक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।

# वार्ड 29 के लोगों को मिलेगी जल जमाव से मुक्ति, बड़ी नाली के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 29 में शास्त्री चौक से भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम तक के निवासियों को अब गंदे पानी के जमाव से जल्द निजात मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के विशेष प्रयास के चलते यहां बड़ी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। स्वच्छता और बेहतर मूलभूत सुविधाओं के विस्तार में यह मददगार साबित होगी। आज शास्त्री चौक से भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम तक बड़ी नाली निर्माण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने राज्य आयुक्त स्काउट एवं गाइड इंद्रजीत सिंह गोल्डी, वार्ड पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा एवं सभापति व पार्षदों के साथ विधिवत भूमिपूजन किया। उक्त नाली का निर्माण 22 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। राज्य मुख्य आयुक्त गोल्डी ने पालिका द्वारा कराए जा रहे कार्य की प्रशंसा कर वार्डवासियों को बधाई दी। पालिका अध्यक्ष साहू ने स्थानीय निवासियों को बड़ी नाली की सौगात मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्रवासियों के दैनिक जीवन को आसान बनाएगा। जल निकासी की समस्या को स्थाई समाधान देने में मदद करेगा। शहर के सभी वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सभी के सहयोग से हम पालिका क्षेत्र में विकास का नया अध्याय लिख रहे हैं। हमारा प्रयास पालिका क्षेत्र के लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का है। जो आगे भी सतत जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष पवन पटेल, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, गुलशन साहू, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, जय देवांगन, नीरज चंद्राकर, भाऊ राम साहू, धनेंद्र चंद्राकर, पीयूष साहू, राहुल आवड़े, चंद्रशेखर बेलदार, मुन्ना देवार, धनेश्वरी सोनवानी, सुधा साहू, मीना वर्मा सहित वार्ड के लोग उपस्थित रहे।






